# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने हड़ताल पर गये चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील की, पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों के लिए बनायेगी समिति ।
- कानपुर में पटरी से उतरी साबरमती एक्सप्रेस के कारण आज भी निरस्त रहेंगी करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनें, घटना की हो रही है जांच।
- कल वाराणसी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा काशी को विकास का मॉडल बनाया जाए ।
- प्रदेश सरकार साठ हजार नौजवानों की करेगी भर्ती, बीस फीसदी सीटों पर भर्ती होंगी लड़कियां ।

**********

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ– आई. एम.ए. के आह्वान पर कल देश भर में चिकित्सक चौबीस घंटे की हड़ताल पर रहे। इस दौरान ओपीडी और अन्य सामान्य सेवाएं बंद रहीं। प्रदेश के अलग अलग जिलों में हड़ताल के कारण निजी और सरकारी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी। राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों को सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

उधर, भारतीय चिकित्सा संघ–आईएमए ने आर जी कर मेडिकल कॉलेज मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर डॉक्टरों की सुरक्षा और मामले में शीघ्र न्याय की मांग की है। संघ ने अपने पत्र में यह भी मांग की है कि सभी अस्पतालों की सुरक्षा प्रोटोकॉल हवाई अड्डों की तर्ज पर होना चाहिए। पत्र में पीड़िता के शोक संतप्त परिवार को उचित और सम्मानजनक मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

**********

कानपुर जिले के भीमसेन स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना के कारण आज भी करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनें निरस्त रहेंगी। यह जानकारी नार्थ सेंट्रल रेलवे के सोशल मीडिया एकाउंट एक्स के माध्यम से साझा की गयी है। इस घटना के कारण कल करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेन निरस्त कर दी गयीं और दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था।

वाराणसी जंक्शन से चलकर अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस शुक्रवार की रात कानपुर से गुजरते हुए भीमसेन स्टेशन से पहले पटरी से उतर गई थी। इस यात्री ट्रेन के लगभग 22 डिब्बे पटरी से उतरे लेकिन किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई। घटना के कारण कानपुर झांसी रेल रूट पूरी तरह से प्रभावित हो गया। रेलवे प्रशासन की ओर से कानपुर के लिए शून्य पांच एक दो– दो तीन दो तीन शून्य एक आठ और शून्य पांच एक दो– दो तीन दो तीन शून्य एक पांच हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। कानपुर कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी, स्थानीय पुलिस बल और रिस्पांस टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि साबरमती एक्सप्रेस का इंजन ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। चोट के निशान मिले हैं। साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं। आईबी और प्रदेश पुलिस जांच कर रही है।

**********

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कल सपरिवार बुलंदशहर के खुर्जा की पॉटरी नगरी का दौरा करने पहुंचे। वह सबसे पहले मुंडाखेड़ा मार्ग स्थित ऑर्मिनो सिरेमिक पॉटरी पहुंचे, जहां उन्होंने सिरेमिक उत्पादों की प्रक्रिया और गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों से पौधारोपण की अपील की।

**********

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के लिए पैदल मार्ग तीर्थयात्रियों के लिए फिर से खोल दिया गया है। तेज बारिश के कारण हुए भूस्खलन से यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था।

**********

भारतीय जनता पार्टी एक सितम्बर से पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाएगी। यह जानकारी पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने दी। कल नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद श्री पात्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य 10 करोड से अधिक लोगों को पार्टी से जोडना है। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंचे। इस दौरान कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के साथ ही काशी को विकास का भी मॉडल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने गोदौलिया स्थित रामलक्ष्मी नारायण मारवाड़ी हिंदू अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में गरीबों और वंचितों की सेवा में प्रदेश सरकार हमेशा अस्पताल का सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने शिवपुर स्थित केंद्रीय कारागार के पुलिसकर्मियों के लिए बनाये जा रहे आवास और कैदियों के लिए बन रहे बैरकों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने श्रावण मास में बाबा विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कल ही गाजीपुर के मेघबारन सिंह हॉकी अकादमी पहुंचकर ओलंपिक में पदक जीत भारत का नाम रोशन करने वाले गाजीपुर के हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और बनारस के ललित उपाध्याय को सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है, जिसके कारण आज प्रदेश से अच्छे खिलाड़ी निकल रहे हैं।

**इन दोनों खिलाड़ियों ने जो ओलंपिक में पदक जीता है, दोनों खिलाड़ियों को हम उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एक–एक करोड़ रुपये की राषि तत्काल प्रदान करने की व्यवस्था लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में करने जा रहे हैं। हम अन्य खिलाड़ियों का भी सम्मान करेंगे, जो भी उत्तर प्रदेश का खिलाड़ी प्रतिभाग किया ओलंपिक में। उत्तर प्रदेश का वासी है, तो उसे 10–10 लाख रुपये हम लोग की तरफ से प्रतिभाग करने का उपलब्ध करवायेंगे।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अम्बेडकर नगर में वृहद रोजगार और ऋण मेला में पच्चीस सौ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों को दो सौ ग्यारह करोड़ रुपये का ऋण और स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत पांच हजार एक सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनपद के नौजवानों के लिए स्टेडियम की घोषणा की और कहा कि यहां बनने वाले स्टेडियम से खिलाड़ी निकलेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही साठ हजार नौजवानों को भर्ती करने के लिए परीक्षा होने जा रही है।

***पहले 23, 24, और 25 में 30 और 3 में उत्तर प्रदेश पुलिस के 60 हजार से भी अधिक नौजवानों को सीधे–सीधे भर्ती करने के लिये परीक्षा होने जा रही है और इसमें भी याद रखना 20 फीसदी बेटियों को भर्ती करेंगे। जिससे सड़कों पर शोहदों को वो ठीक से उपचार कर सकेंगे और दूसरा पारदर्शी तरीके से बिना भेदभाव के भर्ती होगी। उत्तर प्रदेश के हर जनपद का नौजवान उसमें भर्ती होगा।***

मुख्यमंत्री आज अयोध्या दौरे पर रहेंगे। वह कुमारगंज के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही परिसर में लग रहे वृहद रोजगार मेले का भी उद्‌घाटन करेंगे और मेधावी छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित करेंगे।

**********

कजरी गायन में मिर्जापुर को विशेष पहचान दिलाने वाली लोकगायिका पदश्री अजिता श्रीवास्तव का कल शाम निधन हो गया। वह सत्तर वर्ष की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। मिर्जापुर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षिका पद से वर्ष दो हजार सत्रह में सेवानिवृत्त हुईं अजिता को कजरी गायन के लिए वर्ष दो हजार बाइस में पद्‌मश्री पुरस्कार दिया गया था।

**********

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कल आगरा किले के सामने से गरुड़ उड़ान यात्रा को राजगढ़ के लिए रवाना किया। समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक हजार दो सौ तिरपन किलोमीटर लंबी यात्रा में एक हजार धावक, सौ साइकिल सवार और चार घुड़सवार शामिल हैं, जो तेरह दिन बाद राजगढ़ पहुंचेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि आगरा से शिवाजी महाराज की वीरता और कुशलता का इतिहास जुड़ा हुआ है।

**********